भारत सरकार
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2220
बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा चालित शीतागार सुविधाओं की स्थापना</u>

2220. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ओडिशा के बोलंगीर और सोनपुर जिलों में छोटे और सीमांत किसानों के लिए कटाई पश्चात् होने वाली हानियों को कम करने के लिए सौर ऊर्जा चालित शीतागार सुविधाओं की स्थापना को बढ़ावा देने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसी अवसंरचना की स्थापना के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता अथवा राजसहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन शीतागार सुविधाओं के प्रबंधन में कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) इन जिलों में खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने पर इन सुविधाओं का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

उत्तर
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, एनएचबी "बागवानी उत्पादों के लिए शीतागार (कोल्ड स्टोरेज) और भंडारण के निर्माण/ विस्तार/ आधुनिकीकरण के लिए पूंजीगत निवेश सब्सिडी" नामक एक योजना लागू कर रहा है। इस योजना के तहत, एनएचबी द्वारा सौर प्रणाली सहित कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत, विभिन्न आकारों के लिए परिभाषित लागत मानदंडों के अनुसार, 5000 मीट्रिक टन से अधिक शीत भंडारण क्षमता के लिए सामान्य क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में पात्र परियोजना लागत की 35% सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना के तहत, शीतागार में सौर प्रणाली लगाने के लिए एक अतिरिक्त प्रावधान है और इस घटक के लिए 35.00 लाख रुपये की परियोजना लागत पर विचार किया जाता है। एनएचबी द्वारा इस घटक के लिए सामान्य क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत का 35% और पहाड़ी तथा अनुसूचित क्षेत्रों में 50% सब्सिडी प्रदान करता है।

प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) और (घ) योजना के तहत, व्यक्तियों, किसानों/उत्पादकों/उपभोक्ताओं के समूहों, साझेदारी/एकल स्वामित्व वाली फर्मों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कंपनियों, निगमों, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संघ, स्थानीय निकायों, कृषि उत्पाद विपणन समितियों (एपीएमसी) और विपणन बोर्डों तथा राज्य सरकारों के लिए सहायता उपलब्ध है।

<u>अनुलग्नक</u>

'सौर ऊर्जा चालित शीतागार सुविधाओं की स्थापना' के संबंध में पूछे गए दिनांक 12.03.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2220 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2021-22 से 2023-24 के लिए "बागवानी उत्पादों के लिए शीतागारों और भंडारण स्थलों के निर्माण/ विस्तार/ आधुनिकीकरण के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी योजना" के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा

	राज्य का नाम	2021-22			2022-23			2023-24		
क्र. सं.	राज्य	संख्या	क्षमता (एमटी)	पात्र सब्सिडी	संख्या	क्षमता (एमटी)	पात्र सब्सिडी	संख्या	क्षमता (एमटी)	पात्र सब्सिडी
1	पंजाब	6	43129	885.096	13	50160.63	1323.75	11	41752.27	1097.11
2	हरियाणा	2	16063.68	488.65	0	0	0.00	0	0	0.00
3	तमिलनाडु	1	5386	119	0	0	0.00	0	0	0.00
4	हिमाचल प्रदेश	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
5	उत्तर प्रदेश	1	100	12.25	10	61068.28	1266.11	12	38216.42	1015.62
6	उत्तराखंड	0	0	0.00	0	0	0.00	1	226.86	5970
7	महाराष्ट्र	3	17133	490.891	10	54438	1458.04	10	42927.8	1146.196
8	राजस्थान	0	0	0.00	2	10654.88	271.31	1	6684	168.43
9	कर्नाटक	1	7300	182.616	7	64339	1491.19	9	74521	1840.84
10	गुजरात	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
11	ओडिशा	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
12	मध्य प्रदेश	1	10000	238.00	3	16235.42	383.49	3	16752	445.58
13	छत्तीसगढ़	0	0	0.00	0	0	0.00	1	5970	158.80
14	पश्चिम बंगाल	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
15	आंध्र प्रदेश	1	10000	236.41	12	115960.5	2735.64	15	143687.66	3375.54
16	असम	0	0	0.00	2	9646	374.84	0	0	0.00
17	बिहार	0	0	0.00	0	0	0.00	1	6500	172.9
18	झारखंड	0	0	0.00	1	5974.67	227.035	0	0	0.00
19	त्रिपुरा	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
20.	दिल्ली	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
21	केरल	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
22	नागालैंड	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
23	गोवा	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
24	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
25	जम्मू और कश्मीर	0	0	0.00	0	0	0.00	2	15956	486.66
26	मिजोरम	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
27	मेघालय	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
28	चंडीगढ़	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00
29	तेलंगाना	0	0	0.00	3	25264.38	538.95	9	85000	2075
	कुल	16	109112	2652.91	63	413741.76	10070.36	75	478194	17952

*****